हरिभूमि

# गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 7 अप्रैल 2026

06 आठवीं स्वर्गीय श्रीरामसिंह राठौड़ स्मृति क्रिकेट...



07 अजलेश्वर में तालाब पर नहाने गए 3 किशोरों की पानी में डूबने से...






### मोहनपुर खुर्द में ईस्टर के नाम पर धर्मांतरण का खेल; झाड़-फूंक छुड़वाकर "यीशु की चंगाई" थमाई

# अंधविश्वास की नई दुकान, बकरे-मुर्गे का भोज, चंगाई का पाखंड और टूटे आदिवासियों की आस्था का सौदा







## अंधविश्वास से अंधविश्वास की ओर धकेले जा रहे गुना के आदिवासी, शासन मौन

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

जहाँ गरीबी है, वहाँ अंधविश्वास है - और जहाँ अंधविश्वास है, वहाँ मिशनरी है। गुना जिले के मोहनपुर खुर्द गाँव की ज़मीनी हकीकत इस एक वाक्य में सिमट जाती है। जिला मुख्यालय से महज 22 किलोमीटर दूर रविवार को ईस्टर के नाम पर दो बकरे और 40 मुर्गे काटकर भोज तैयार किया गया। 300-400 गरीब आदिवासियों को इकट्ठा किया गया - और प्रार्थना से बीमारी ठीक होती है, प्रार्थना से नशा छूटता है का वही पुराना पाखंड परोसा गया जो कभी ओझा-गुनिया परोसते थे। फर्क सिर्फ इतना है - वेशभूषा बदल गई, मंत्र बदल गए, लेकिन अंधविश्वास जस का तस है। और इस नए अंधविश्वास की कीमत है - आदिवासी की आस्था, उसकी पहचान और उसका धर्म।

### झाड़-फूंक से निराश हुए तो चंगाई का नया पाखंड थमाया

इस पूरे खेल की सबसे शर्मनाक परत यहाँ है। मेहंदी बाई ने बताया - पूरे देवी-देवता भी झाड़-फूंक कराए, लेकिन ठीक नहीं हुए। किसी ने कहा ईसा मसीह चंगा करते हैं। संचालक ने खुद स्वीकार किया - जादू-टोने के पास गए थे, आराम नहीं मिला। यानी एक अंधविश्वास से मुक्त नहीं किया - बल्कि एक अंधविश्वास की जगह दूसरा अंधविश्वास बैठा दिया गया। पहले ओझा कहता था मैं झाड़ दूँगा तो ठीक हो जाओगे - अब पास्टर कहता है प्रार्थना करो तो चंगे हो जाओगे। दोनों पाखंड हैं - बस एक देसी है, एक विदेशी।

### बीमार को डॉक्टर नहीं, चंगाई दी यह अपराध है

ज्ञान सिंह के हाथ-पैर सूख गए थे। गीता बाई का एक्सीडेंट हुआ था। रुकमणी को शरीर में कमज़ोरी थी। इन सबको चाहिए था - डॉक्टर, अस्पताल, इलाज। इन्हें मिला - प्रार्थना, हालेलुया और यीशु मसीह के नाम से चंगाई। यह केवल धर्मांतरण नहीं, यह एक बीमार इंसान के साथ धोखा है। यह अंधविश्वास फैलाकर इलाज से वंचित रखना है। मध्यप्रदेश अंधविश्वास निवारण की बात करता है- तो क्या प्रार्थना से बीमारी ठीक होती है का यह दावा अंधविश्वास की श्रेणी में नहीं आता?

संचालक उत्तम कहते हैं - धर्म तो कुछ नहीं, मन परिवर्तन। रुकमणी कहती हैं - ईसाई मतलब नहीं, परमेश्वर के पुत्र। यह संयोग नहीं है। मध्यप्रदेश धर्म स्वातंत्र्य अधिनियम से बचने के लिए यह भाषा सोच-समझकर गढ़ी और रटाई गई है। जब एक गरीब आदिवासी महिला कानूनी बचाव की भाषा बोलने लगे - तो समझ लीजिए पर्दे के पीछे एक पूरा और सुनियोजित तंत्र काम कर रहा है।

### मिशनरी स्कूल की फैक्ट्री-अपने ही समाज को तोड़ने की ट्रेनिंग

युवक विशाल की पढ़ाई दतिया के नया जीवन मिशन स्कूल में हुई। वह खुलकर कहता है - ईसा मसीह के वचन गांव-गांव फैलाना चाहता हूँ। बाहर से पैसा आता है, मिशनरी स्कूलों में स्थानीय आदिवासी युवा तैयार होते हैं और फिर वही युवा अपने ही समाज को तोड़ने का काम करते हैं। विशाल ने माना कि 20 साल पहले यहाँ ऐसा कुछ नहीं था। यह बदलाव अपने आप नहीं आया - इसके पीछे विदेशी धन और सुनियोजित मिशनरी रणनीति है।

### नेता वोट मांगने आते हैं, मिशनरी रोटी लेकर - असली ज़िम्मेदार कौन?

एक कड़वा सच कहना ज़रूरी है। चुनाव आते हैं तो नेता मोहनपुर खुर्द का दरवाज़ा खटखटाते हैं। चुनाव जाते हैं तो न अस्पताल, न सड़क, न रोज़गार। जो खालीपन शासन ने छोड़ा, उसे मिशनरी तंत्र ने बकरे-मुर्गे के भोज और चंगाई के पाखंड से भर दिया। धर्मांतरण और अंधविश्वास रोकना है तो पहले यह पूछना होगा - आदिवासी इतना बेसहारा, इतना बीमार और इतना मजबूर क्यों है? असली अपराधी वह मिशनरी है जो शिकार करता है - या वह शासन है जो शिकार होने देता है?

### बुझ गया घर का इकलौता चिराग

## तालाब में डूबने से 13 वर्षीय बालक की मौत एनडीआरएफ ने रेस्क्यू कर निकाला शव



हरिभूमि न्यूज ⏭चांचौड़ा

चाचौड़ा क्षेत्र के मृगवास थाना अंतर्गत ग्राम बोरका खेड़ा में एक हृदयविदारक हादसा सामने आया है, जहां तालाब में डूबने से 13 वर्षीय बालक की मौत हो गई। घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम बोरका खेड़ा निवासी नीरज भील (13 वर्ष), पिता विष्णु भील, रविवार दोपहर अपने खेत पर गेहूं की फसल की रखवाली करने गया था। इसी दौरान वह पास के तालाब में नहाने चला गया, लेकिन काफी देर तक घर वापस नहीं लौटा।चिंतित परिजन जब उसकी तलाश करते हुए तालाब के पास पहुंचे, तो वहां उसके कपड़े और चप्पल पड़े मिले। इससे अनहोनी की आशंका जताते हुए तुरंत मृगवास थाना पुलिस को सूचना दी गई।सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। सोमवार सुबह एनडीआरएफ की टीम को बुलाया गया, जिसने कई घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद सर्च ऑपरेशन चलाकर तालाब से बालक का शव बाहर निकाला।बताया जा रहा है कि नीरज अपने परिवार का इकलौता बेटा था। उसकी असमय मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है और पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच जारी है।

### 'ट्रैक्टरों का सैलाब', हर तरफ जाम और रेला

## मंडी में बंपर आवक: छुट्टी के एक दिन पहले से खड़े थे हजारों ट्रैक्टर शहर में

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

कृषि उपज मंडी में इन दिनों हो रही बंपर आवक के चलते शहर की यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। हालात यह हैं कि प्रमुख सड़कों पर ट्रैक्टरों की लंबी कतारें लग गई हैं, जिससे आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।अंबेडकर भवन से जेल तिराहे तक और गोपालपुर मैदान से नानाखेड़ी क्षेत्र तक हर ओर ट्रैक्टर ही ट्रैक्टर नजर आ रहे हैं। कलेक्टरेट रोड, कैंट रोड, मौसम विभाग चौराहा और संजय स्टेडियम क्षेत्र में सड़कें अस्थायी पार्किंग में तब्दील हो गई हैं, जिससे आवागमन लगभग ठप हो गया है।



रविवार को मंडी बंद रहने के कारण सैकड़ों ट्रैक्टर मैदान और मंडी परिसर में खड़े रहे। सोमवार सुबह मंडी खुलते ही एक साथ बड़ी संख्या में ट्रैक्टर शहर में प्रवेश कर गए, जिससे जाम की स्थिति और गंभीर हो गई।

### पार्किंग और ट्रैफिक प्लान का अभाव

स्थानीय लोगों का कहना है कि मंडी प्रबंधन और प्रशासन द्वारा ट्रैक्टरों की पार्किंग के लिए कोई स्पष्ट व्यवस्था नहीं की गई है। यही कारण है कि सड़कें ही पार्किंग स्थल बन गई हैं।

### नाकाफी साबित हुई व्यवस्था

कुछ प्रमुख चौराहों पर ट्रैफिक पुलिस तैनात रही, लेकिन भारी दबाव के चलते व्यवस्था संभालना मुश्किल हो गया। जाम के कारण स्कूली बच्चों, नौकरीपेशा लोगों और मरीजों को विशेष परेशानी उठानी पड़ी।

### उठी स्थाई समाधान की मांग

लगातार बिगड़ती स्थिति को देखते हुए शहरवासियों नेः ट्रैफिक डायवर्जन प्लान लागू करनेट्रैक्टरों के प्रवेश का समय तय करने अतिरिक्त पुलिस बल तैनात करनेऔर मंडी को शहर से बाहर शिफ्ट करनेकी मांग उठाई है। बंपर आवक जहां किसानों के लिए राहत भरी खबर है, वहीं शहरवासियों के लिए यह बड़ी समस्या बन गई है। अब देखना होगा कि प्रशासन इस चुनौती से निपटने के लिए क्या कदम उठाता है।

### भाजपा ने समारोहपूर्वक मनाया स्थापना दिवस

## भाजपा एक वटवृक्ष का रूप धारण कर चुकी है जिसे हमारे पूर्वजों के खून और पसीने से सिंचित की है

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

भारतीय जनता पार्टी के 47 वें स्थापना दिवस पार्टी कार्यालय पर समारोहपूर्वक मनाया गया ।सर्वप्रथम पार्टी कार्यालय पर महा पुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया एवं पार्टी का ध्वज फहराया। ध्वजारोहण उपरांत सभी ने एक दूसरे को मिठाई खिलाई एवं आतिशबाजी भी की गई ।तत्पश्चात स्थानीय गार्डन में आयोजित कार्यक्रम में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं का उनके अतुल्य योगदान के लिए शॉल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया ।



इस अवसर पर उपस्थित कार्यकर्ताओं ने भोपाल से प्रसारण होने वाले कार्यक्रम का सीधा प्रसारण सामूहिक रूप से देखा ।जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सिकरवार ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज बड़े गर्व का कि हम विश्व के सबसे बड़े राजनैतिक दल के निष्ठावान कार्यकर्ता हैं और हम पार्टी के 47 वे स्थापना दिवस मना रहे हैं । आज भाजपा एक वटवृक्ष का रूप धारण कर चुकी है जिसे हमारे पूर्वजों के खून और पसीने से सिंचित की है ।सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इतनी बड़ी पार्टी होने के बावजूद अन्य पार्टियों की तरह कभी विघटन नहीं हुआ है ।आज हम उन महान कार्यकर्ताओं के समर्पण और संगठन भाव के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हैं जिन्होंने आप पार्टी को इस मुकाम पर पहुंचाया है ।विधायक पन्नालाल शाक्य ने कहा कि संघराज्य और स्वराज्य स्थापित करने अभी लड़ाई लंबी है इसे सहज नहीं मानना चाहिए ।पीढ़ियों ने देश निर्माण में अपना बलिदान दिया है और इस संकल्प को पूरा करने हमें भी अपना बलिदान देना होगा ।इस अवसर पर नपा अध्यक्ष सविता गुप्ता,पूर्व मंत्री महेंद्र सिंह सिसोदिया,पूर्व विधायक गोपीलाल जाटव,पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सुमेर सिंह गढ़ा पूर्व अध्यक्ष गोविंद दास राठी,राधेश्याम पारीख,बिट्ठल दास मीना,योगेन्द्र लुंबा,देवेंद्र गुप्ता,मनोज दुबे आदि मंचासीन रहे ।कार्यक्रम का संचालन संयोजक एवं जिला महामंत्री संतोष धाकड़ एवं आभार सह संयोजक शिवपाल परमार ने किया ।

सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः।

आप सभी के अच्छे स्वास्थ्य की मंगलकामनाओं के साथ

विश्व स्वास्थ्य दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

गर्भावस्था (प्रेग्नेंसी) के पूरे 9 महीने मां और बच्चे दोनों के लिए बहुत महत्वपूर्ण होते हैं। इस दौरान सही दिनचर्या, खानपान और सावधानियां अपनाना जरूरी है ताकि मां और शिशु दोनों स्वस्थ रहें।

- खानपान (Diet) क्या खाएं: प्रोटीनः दाल, पनीर, दूध, अंडा , हरी सब्जियां (पालक, मेथी), गुड़, चुकंदर , दूध, दही, तिल, हरी पत्तेदार सब्जियां, सेब, केला, संतरा, अनार, पानी दिनभर में 8–10 गिलास
  क्या न खाएं: कच्चा या अधपका खाना, ज्यादा मसालेदार और तला हुआ खाना, जंक फूड और पैकेट फूड, अधिक चाय/कॉफी (कैफीन)
- . दिनचर्या (Daily Routine) : सुबह हल्का व्यायाम या टहलना, पर्याप्त नींद (7–8 घंटे), समय पर खाना भारी काम या वजन उठाने से बचें, स्ट्रेस कम रखें, खुश रहें, रोज 20–30 मिनट टहलना, डॉक्टर की सलाह से प्रेग्नेंसी योग, ज्यादा थकाने वाले एक्सरसाइज से बचें।
- जरूरी सावधानियां : नियमित डॉक्टर चेकअप कराएं, डॉक्टर द्वारा दी गई दवाइयां (जैसे Folic Acid, आयरन) समय पर लें, किसी भी तरह का ब्लीडिंग, दर्द या चक्कर आने पर तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें, बिना डॉक्टर की सलाह के दवा न लें, धूम्रपान और शराब से पूरी तरह दूर रहें।
- महीनों के अनुसार ध्यान : 1–3 महीना:ज्यादा आराम करें, उल्टी, मतली आम है – हल्का भोजन लें। 4–6 महीना:बच्चा तेजी से बढ़ता है – पौष्टिक भोजन बढ़ाएं, हल्की गतिविधि करें। 7–9 महीना: ज्यादा आराम जरूरी भारी काम बिल्कुल न करें डिलीवरी की तैयारी रखें।
- मानसिक स्वास्थ्य: सकारात्मक सोच रखें, अच्छी किताबें पढ़ें, परिवार के साथ समय बिताएं,तनाव से दूर रहें
- टीकाकरण (Vaccination): Tetanus (TT) इंजेक्शन जरूर लगवाएं,डॉक्टर की सलाह अनुसार अन्य टीके
- अतिरिक्त टिप्स : ढीले और आरामदायक कपड़े पहनें, ऊंची हील्स से बचें, यात्रा करते समय सावधानी रखें, साफ-सफाई का ध्यान रखें।

डॉ. सतीश राजपूत M.B.B.S., D.G.O. (Mumbai)
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
जिला चिकित्सालय, गुना (म.प्र.)

समाचार संक्षेप

## मध्यरात्रि में गूंजा खेल का रोमांचः "विधायक कप" नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट संपन्न



**चाचौड़ा।** मध्यरात्रि में चाचौड़ा में प्रियांशु राजावत फैंस क्लब द्वारा आयोजित "विधायक कप" काउंट्री 08 विकेट नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट में खिलाड़ियों और दर्शकों का उत्साह चरम पर देखने को मिला। रोशनी से जगमग मैदान में खेले गए मुकाबलों ने पूरे क्षेत्र में खेल का माहौल बना दिया।इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि खेल केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि यह अनुशासन, टीमवर्क और नेतृत्व क्षमता विकसित करने का महत्वपूर्ण माध्यम है। ऐसे आयोजन युवाओं को सकारात्मक दिशा देने में अहम भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में मण्डल अध्यक्ष प्रद्युमन मीना, जिला मंत्री श्रीकृष्ण (भोला) सोनी, मण्डल महामंत्री गौरव चौकसे, श संतोष मीना, सर्वेश मीना, विधायक प्रतिनिधि श नंदू सैनी, पार्षद श्रीमती सुधा राजावत, पार्षद सुनील सैनी, दिनेश शर्मा (एडवोकेट), पार्षद प्रतिनिधि बंटी यादव, नाना भाई, राजेश चौरसिया, गोलू सैनी सहित आयोजक प्रियांशु राजावत एवं बड़ी संख्या में दर्शकगण उपस्थित रहे।टूर्नामेंट के सफल आयोजन के लिए आयोजकों की सराहना की गई और भविष्य में भी ऐसे आयोजनों को निरंतर जारी रखने की बात कही गई।

### बैठक आयोजित कर दी श्रद्धांजलि

**गुना।** जिले के समाजसेवी एवं विश्व गीता प्रतिष्ठानम के वरिष्ठ सदस्य ओम एन शर्मा की पूज्य माताजी श्रीमती रामोबाई का स्वर्गवास हो गया है, मृतात्मा की शांति और परिजनों को इस संकट की घड़ी में साहस प्रदान करने की शक्ति प्रदान करने हेतु अन्नपूर्णा कालोनी में वीरेंद्र भार्गव के स्वनिवास पर बैठक आयोजित कर श्रृद्धांजलि प्रदान की गई। बैठक में अवधेश शर्मा, वीरेंद्र भार्गव, ओमप्रकाश शर्मा, उमाशंकर भार्गव, मनोज तिवारी,रामजीवन भार्गव, रामकुमार तिवारी, रामसिंह रघुवंशी, सुधीर सक्सेना, बृजभूषण शर्मा,महेश शर्मा, राजकमल शर्मा, केशव बैरागी,बुंदेल सिंह यादव, रविन्द्र सिंह रघुवंशी, राधेश्याम शर्मा मुद्गल, अरुण रघुवंशी सहित कई सहित कई समाज बंधुओं तथा गीता स्वाध्यायियों ने दो मिनिट का मौन रखा।

# आठवीं स्वर्गीय श्रीरामसिंह राठौड़ स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट प्रतियोगिता आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना

सीबीएसई स्कूलों के शिक्षकों के बीच खेले जा रहे क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच रविवार को एसएल मेमोरियल स्कूल भगत सिंह कॉलोनी के ग्राउंड में एसएल मेमोरियल स्कूल की टीम और वंदना कान्वेंट स्कूल की टीम के बीच खेला गया। जिसमें एस एल मेमोरियल की टीम विजेता रही । एस एल मेमोरियल की टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का निर्णय लिया पहले बल्लेबाजी करते हुए वंदना कान्वेंट की स्कूल की टीम ने निर्धारित 8 ओवरों में मात्र 48 रनों का स्कोर खड़ा किया।

एसएल मेमोरियल की टीम की ओर से पंकज राव ने शानदार बोलिंग करते हुए दो ओवर में 10 रन देकर चार विकेट झटके जिसके लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला जवाब में एसएल मेमोरियल स्कूल की टीम ने अरुण शर्मा और कशिश शर्मा की घातक बल्लेबाजी द्वारा तीन ओवरों में लक्ष्य को हासिल कर लिया।अरुण शर्मा को उभरते हुए क्रिकेटर का पुरस्कार मिला टूर्नामेंट के समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र सिकरवार और विशिष्ट अतिथि पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य एच के मीना थे ।

साथ ही नील वर्ल्ड स्कूल की प्राचार्या डॉक्टर पूनम कुमार,उप प्राचार्य सौरभ सिंह, सिद्धिविनायक हॉस्पिटल के डायरेक्टर व रेड क्रॉस गुना के पदाधिकारी डॉक्टर भूपेंद्र धाकरे व युवा समाजसेवी सार्थक राठौर(होटल साईं सागर )भाजपा के नरेंद्र बड़कुल, असिस्टेंट डायरेक्टर केशव यादव,अक्षय यादव,कशिश शर्मा और मनीष चामलीकर जितेंद्र यादव ,नरेंद्र यादव शौर्य राठौर, नमन राठौर ,रवि चौराडिया ,गौरव चौरसिया ,अजय किरार,विशाल चौहान ,नवोदय विद्यालय रिछारिया जी,अजय तोमर dgm बिजली विभाग ,राहुल सिंह, संजीव चौहान , संतोष सेन एवं विनोद जोशी उपस्थित रहे। ।भाजपा जिला अध्यक्ष श्री सिकरवार ने विजेता टीम और उपविजेता टीम को बधाई व ट्राफी देते हुए कहा कि शंकर सिंह राठौड़ आज भी खेलों के माध्यम सेअपने पिता की यादों को ताजा रखे हुए है उन्होंने टूर्नामेंट की सराहना करते हुए बताया कि जीवन में खेल बहुत ही आवश्यक है। भारत और मध्य प्रदेश के खिलाड़ी कई खेलों में जीत का परचम लहरा रहे हैं और भारत का नाम रोशन कर रहे हैं।

उन्होंने प्रधान मंत्री के विजन 2047 में खेलों की भूमिका महत्वपूर्ण रहेगी विशिष्ट अतिथि प्राचार्य जवाहर नवोदय विद्यालय एच के मीणा ने कहा कि गुना में की भूमि में बहुत ही सकारात्मक ऊर्जा विद्यमान है यहां के सभी लोग बहुत मिलनसार हैं और खेलों को बढ़ावा देने के लिए हमेशा अग्रणी रहे हैं ।

वहीं भूपेंद्र धाकरे ने शिक्षकों को राष्ट्र निर्माता बताया उन्होंने बताया कि खेल इस प्रकार खेलें कि जीवन एक खेल बन जाए ,आज की इस व्यस्त जीवन शैली में खेल मेडिसिन का कार्य करते है। एसएल मेमोरियल डायरेक्टर संतोष यादव ने आए हुए अतिथियों सभी शिक्षक खिलाड़ियों का स्वागत करते हुए कहा कि टूर्नामेंट का मुख्य उद्देश्य है कि इसमें विद्यालय के शिक्षक प्रतिभागी बनकर एक दूसरे से जुड़े ,जो कि इस टूर्नामेंट की मूल भावना है। उन्होंने कहा कि एक स्वस्थ शरीर में ही एक स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है इसलिए शिक्षकों को किसी न किसी खेल से अवश्य जुड़े रहना चाहिए शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहें और आगे बढ़े।

मैच में अंपायर की भूमिका में हेमेंद्र भदोरिया राम राजपूत और अक्षय यादव रहे। मैच में कमेंट्री अभिषेक भदौरिया और दिनेश ओझा ने की वही कार्यक्रम का संचालन वंदना स्कूल के सुनील शर्मा ने किया। पधारे हुए सभी अतिथियों ने विजेता टीम के खिलाड़ियों को जीत की बधाई दी एवं सभी खिलाड़ियों को ट्रॉफी प्रदान की ।

टूर्नामेंट की सभी ट्राफी और मोमेंटो प्रतिवर्ष की भांति सार्थक राठौर जी द्वारा प्रदान किए गए अंत में आभार शंकर राठौड़ ने माना।

भगवान परशुराम का 51वां प्रकटयोत्सवः

# गुना में भव्य शोभायात्रा और सामूहिक आयोजन की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना

गुना जिले में भगवान परशुराम जी के 51वें प्रकटयोत्सव को लेकर सनातन सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन पशुपतिनाथ महादेव मंदिर में विधिवत पूजन-अर्चन के साथ संपन्न हुआ। बैठक की अध्यक्षता नर्वदा शंकर भार्गव एवं रजनीश शर्मा ने की, जबकि कार्यक्रम की रूपरेखा आनंद भार्गव ने प्रस्तुत की और संचालन नरेंद्र भार्गव द्वारा किया गया। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 19 अप्रैल, रविवार को यह उत्सव सनातन परंपराओं के अनुसार हर्षोल्लास और भव्यता के साथ मनाया जाएगा। प्रातः 8 बजे पुरानी गल्ला मंडी स्थित हनुमान मंदिर से सभी ब्राह्मण परिवार एकत्रित होकर वेदमंत्रों और वाद्य यंत्रों की मंगलध्वनि के साथ भव्य शोभायात्रा प्रारंभ करेंगे, जो शहर के प्रमुख मार्गों से होती हुई दुबे कॉलोनी स्थित विघ्नहरण हनुमान मंदिर पहुंचेगी, जहां मुख्य समारोह आयोजित होगा। इस दौरान भगवान परशुराम जी का पूजन, महाआरती एवं सामूहिक भोज का आयोजन किया जाएगा। आयोजन को सफल और भव्य बनाने हेतु समाजजनों द्वारा आर्थिक सहयोग की घोषणा की गई है तथा पारंपरिक पीले चावल के निमंत्रण घर-घर पहुंचाए जाएंगे। समिति द्वारा विशेष अनुरोध किया गया है कि शोभायात्रा में पुरुष पारंपरिक धोती-कुर्ता या कुर्ता-पायजामा और महिलाएं पीली, लाल या नारंगी साड़ी पहनकर सहभागिता करें।

### आंधी-तूफान से 15–20 बिजली के खंभे गिरे सड़क पर बिखरे तार, ग्रामीणों में दहशत

**गुना।** बमौरी विधानसभा क्षेत्र के विशनवाड़ा–चाकरी मार्ग पर स्थित छिकारी हरावला में तेज आंधी-तूफान के चलते करीब 15 से 20 बिजली के खंभे गिर गए। घटना के बाद क्षेत्र में बिजली आपूर्ति बाधित हो गई है और सड़क पर नंगे तार बिखरे होने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। गिरे हुए खंभों के कारण सड़क पर बिजली के तार फैले हुए हैं, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को आवागमन में दिक्कत हो रही है। नंगे तारों के चलते करंट लगने की आशंका बनी हुई है, जिससे किसी बड़े हादसे का खतरा टल नहीं रहा। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में मवेशी खुले में घूमते रहते हैं। ऐसे में सड़क पर पड़े बिजली के तार उनके लिए भी जानलेवा साबित हो सकते हैं। कई गांवों में बिजली गुल होने से लोगों को अतिरिक्त परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि सूचना देने के बावजूद अब तक विद्युत विभाग का कोई अधिकारी या टीम मौके पर नहीं पहुंची है। इससे विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन और विद्युत विभाग से मांग की है कि जल्द से जल्द मौके पर पहुंचकरःटूटे हुए खंभों को ठीक किया जाएबिजली आपूर्ति बहाल की जाएक्षेत्र में सुरक्षा सुनिश्चित की जाएग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते सुधार कार्य नहीं हुआ तो कोई गंभीर हादसा हो सकता है।

# जमीनी विवाद पर हत्या के मामले में गुना पुलिस की त्वरित कार्रवाई, आरोपी कुछ घंटों में गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना

गुना जिले के मृगवास थाना क्षेत्र के ग्राम कागलियापुरा में हुए हत्या के मामले में पुलिस ने तेज और प्रभावी कार्रवाई करते हुए आरोपी को घटना के कुछ ही घंटों में गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधीक्षक हितिका वासल के नेतृत्व में जिले में अपराधियों के खिलाफ सख्त अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मानसिंह ठाकुर के मार्गदर्शन एवं एसीओपी चाचौड़ा मनोज कुमार झा के पर्यवेक्षण में मृगवास थाना पुलिस ने इस गंभीर प्रकरण में त्वरित कार्रवाई की।

#### घटना का विवरण

दिनांक 04 अप्रैल 2026 को फरियादी अमरचंद भील (निवासी कागलियापुरा) ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि जमीनी विवाद के चलते आरोपी दिनेश भील ने उसके पुत्र दीवान सिंह भील की कुल्हाड़ी मारकर हत्या कर दी।इस रिपोर्ट पर थाना मृगवास में अपराध क्रमांक 35/2026 धारा 103(1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई।

#### पुलिस की कार्रवाई

मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक द्वारा तत्काल गिरफ्तारी के निर्देश दिए गए। इसके बाद पुलिस टीम ने सक्रियता दिखाते हुए:मुखबिर तंत्र को सक्रिय कियासंभावित स्थानों पर दबिश दीलगातार आरोपी की तलाश जारी रखीइसी दिन (04 अप्रैल 2026) मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए आरोपी दिनेश पुत्र जमनालाल भील (उम्र 28 वर्ष) को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

#### टीम का योगदान

इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक सुरेश सिंह कुशवाह सहित पुलिस सउनि राजेश भिलाला, सउनि जगदीश जाटव, सउनि केदार सिंह सगर, सउनि अजीत कुजूर,प्रधान आरक्षक रामकुमार रघुवंशी, प्रधान आरक्षक राजकुमार रघुवंशी, प्रधान आरक्षक बबलू यादव, आरक्षक रवि यादव, आरक्षक राहुल बघेल, आरक्षक नीरज धाकड़, आरक्षक संदीप आर्य, आरक्षक राकेश बाथम, आरक्षक धीरेन्द्र बघेल, आरक्षक नरेंद्र गुरूंग, आरक्षक जीतेन्द्र यादव, आरक्षक विकास राठौर, आरक्षक रवि चौहान एवं एसएएफ आरक्षक बलवीर सिंह का विशेष योगदान रहा है ।

# छुटिटयों के बाद मंडी में 50 हजार बोरी से अधिक आईं, गेंहू व धना रिकार्ड आवक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

कृषि उपज गल्ला मंडी अशोकनगर में कईं दिनों से चल रही छुटियों के बाद सोमवार को जब अशोकनगर मण्डी खुली तब बड़ी संख्या में किसान मण्डी में अपनी फसल लेकर पहुंचे। 50 हजार बोरी से अधिक माल की आवक हुई, दोनों मण्डियां माल की आवक से गुलजार रहीं। मण्डी में गेहूं और धना की अब तक की रिकार्ड आवक हुई।

अशोकनगर गल्ला मण्डी में अब सीजन के दिन शुरू हो गए हैं हर दिन माल की आवक के अधिक दिन होगें, इस सीजन में सोमवार का दिन अशोकनगर मण्डी में सबसे अधिक भीड़ भरा रहा। मण्डी में सभी प्रकार का अनाज आया, हालांकि गेहूं की आवक मण्डी में प्रारंभ हुई है लेकिन शुरूआती तौर पर ही मंडी में गेहूं के दाम गत वर्ष से अधिक सामने आए हैं, मण्डी में गेहूं की लगातार आवक अब आने वाले दिनों में रहेगी, पूरे वर्ष यहां की मण्डी में गेहूं आता है। गेहूं के साथ अब धना भी यहां की प्रमुख फसलों में शामिल होता जा रहा है। किसानों का रूझान अब परंपरागत फसलों से हटकर अन्य फसलों की ओर होता जा रहा है।

#### किसान मौसम बदलने से मण्डी में बड़ी संख्या में ला रहे हैं माल

मण्डी में सोमवार को गेहूं की आवक 18 हजार बोरी रही, यह इस सीजन में गेहूं की सबसे बड़ी आवक थी, अभी गेहूं की फसल खेतों में खड़ी है और कटाई के अंतिम दौर में है, जिन किसानों ने अपनी फसल की देर से बोवनी की थी या



फिर उन्हें कटाई के लिए मजदूर नहीं मिले हैं उनकी फसल कटाई के इंतजार में हैं, कईं किसानों की फसल खलियानों में भी पड़ी हुई है। उधर दूसरी ओर मौसम के हालात हर रोज बदल रहे हैं कब आंधी, हवा, पानी और ओले आ जाएं कोई पता नहीं है, इससे बचने के लिए किसान अपनी फसल को जल्दी जल्दी काटने की तैयारी में लगे हुए हैं, लेकिन जिन किसानों की फसल कटकर तैयार हो चुकी है, उन्होंने मंडी का रूख कर लिया है। 15 अप्रेल से शादी विवाहों की शुरूआत हो रही है अब किसान अपनी फसल बेचकर अपनी जरूररतें पूरी करने में लग गया है।

#### शरबती गेहूं के दाम गत वर्ष से अधिक

गल्ला व्यापारी राजेश पालीवाल ने बताया कि मण्डी में शरबती गेहूं के दाम गत वर्ष से अधिक हैं, मण्डी में 3000 से 5900 के बीच शरबती गेहूं बिकता नजर आया,जबकि मिल क्वालिटी गेहूं के दाम 2200 से 2400 के बीच हैं। उन्होंने बताया कि अभी गेहूं गुजरात और महाराष्ट्र की ओर जा रहा है, हर वर्ष शुरूआत 3500 से 4000 के बीच होती थी लेकिन इस बार दाम अधिक हैं। शरबती गेहूं की पिछली बार किसानों को कम कीमत मिली थी, इस बार किसानों ने शरबती गेहूं का उत्पादन कम किया है। हालांकि अभी शुरूआत है लेकिन आने वाले दिनों में अन्य मण्डीयों में भी गेहूं की फसल रफ्तार पकड़ेगी तब गेहूं के दाम कम होने के आसार हैं। अशोकनगर मण्डी में धना की आवक 25 हजार बोरी की रही और दाम 9000 से 14500 के बची रहे, इस बार धना में तेजी का रूख है। यह धना की फसल भी अशोकनगर में अधिक पैमाने पर पैदा की जाने लगी है।

#### चना और सरसों की भी मण्डी में अच्छी आवक रही

अशोकनगर मण्डी में चने की आवक भी 2500 बोरी की रही, और दाम मण्डी में 5000 से 5200 के बीच रहे, गत वर्ष भी चे के दाम शुरूआती तौर पर यही रहे थे। लेकिन इस बार व्यापारियों को चने के अच्छे दाम मिलने के आसार हैं। अगर सरसों की बात करे तों मण्डी में सरसों की आवक 6500 बोरी रही और दाम 6000 से 6300 के बची रहे, सरसों के दामों में नरमी रही। जबकि मण्डी में मसूर की आवक 1200 बोरी और भाव 6000 से 6400 के बीच रहे।

# टीईटी अनिवार्यता समाप्त की मांग का छात्र संगठन डीएसओ ने प्रशासन को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक स्टूडेंट्स ऑर्गेनाइजेशन डीएसओ की जिला परिषद की ओर से टीईटी नियम वापस लेने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा गया।

इस मौके पर डीएसओ के जिला सचिव विश्वीर भंडारी ने बताया कि हाल ही में सुप्रीम कोर्ट के आदेश के तहत मध्य प्रदेश शिक्षा विभाग द्वारा जारी आदेश के बाद लगभग 3 लाख से अधिक शिक्षकों की नौकरी पर संकट आ गया है। इन शिक्षकों को अब टीईटी पास करना अनिवार्य होगा, अन्यथा उन्हें सेवा से बाहर किया जा सकता है। शिक्षक संगठनों ने इस आदेश के खिलाफ विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिए हैं और छात्र संगठन डीएसओ इस आंदोलन का पूर्ण समर्थन करता है।

एक तरफ सरकार 94 हजार सरकारी स्कूलों को बंद कर रही है, पहले ही लगभग 30 हजार सरकारी स्कूल पिछले दस साल में बंद किए जा चुके हैं। हाल ही में विधानसभा में दी गई जानकारी के अनुसार 1 लाख शिक्षकों के पद खाली हैं। इन रिक्त पदों को भरने की बजाय शिक्षकों को ही कार्यमुक्त करने का नियम सरकार बना रही है, जिससे सरकारी स्कूलों की स्थिति और बदतर कर तालाबंदी




का काम आसान हो जाए, जिसका खामियाजा गरीब और मध्यम परिवार के छात्रों पर होगा और वे छात्र पढ़ाई से वंचित हो जाएंगे। इसलिए सरकार को तुरंत शिक्षकों की मांगों पर विचार कर इस नियम को रद्द करना चाहिए।

**खास बातें**

- इस प्रक्रिया पर तत्काल रोक लगाई जाए टीईटी की नीति को तुरन्त वापस लिया जाए,
- मध्यप्रदेश में 1 लाख से अधिक रिक्त पड़े पदों पर स्थाई भर्ती की जाए,
- शिक्षकों को टीईटी से बचाने के लिए आवश्यक विधेयक लाया जाए,
- शिक्षा के निजीकरण व्यापारिकरण को बढ़ावा देने वाली सीएम राइस स्कूल पॉलिसी को वापस लिया जाए।

### टीईटी नियम के विरुद्ध सड़क पर उतरे शिक्षक,मुंगावली विधायक को सौंपा ज्ञापन




**मुंगावली।** शिक्षक पात्रता परीक्षा टीईटी को लेकर सर्वोच्च न्यायालय के हालिया फैसले ने शिक्षा जगत में हलचल मचा दी है। इस निर्णय के विरोध में मध्यप्रदेश शिक्षक संघ ने आर-पार की जंग का ऐलान करते हुए मोर्चा खोल दिया है। सोमवार को संघ के प्रांतीय आह्वान पर मुंगावली ब्लॉक के पदाधिकारियों ने क्षेत्रीय विधायक बृजेंद्र सिंह यादव को मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। शिक्षकों ने केंद्र और राज्य सरकार से इस मामले में तत्काल विधायी हस्तक्षेप कर राहत देने की मांग की है। शिक्षकों ने सर्वोच्च न्यायालय के सिविल अपील संख्या 1385/2025 के निर्णय पर गहरी आपत्ति जताई है। फैसले के अनुसार कक्षा 1 से 8 तक कार्यरत सभी शिक्षकों के लिए नियुक्ति तिथि चाहे जो भी हो अब टीईटी उत्तीर्ण करना अनिवार्य होगा। संघ के ब्लॉक अध्यक्ष जितेन्द्र सिंह दांगी ने बताया कि आरटीई एक्ट 2009 और एनसीटीई की 2010 की अधिसूचना के तहत, वर्ष 2010 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को अर्हता प्राप्त और छूट प्राप्त श्रेणी में रखा गया था। नया निर्णय इस विधिक प्रावधान को नजरअंदाज करता है जिससे मध्य प्रदेश के 70 हजार और देशभर के लगभग 25 लाख शिक्षकों की सेवा सुरक्षा, आजीविका और पदोन्नति पर संकट के बादल मंडराने लगे हैं। विधायक को ज्ञापन सौंपते हुए ब्लॉक अध्यक्ष दांगी ने कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता के साथ-साथ उन शिक्षकों की सेवा-सुरक्षा और सम्मान की रक्षा करना भी आवश्यक है। मप्र में टीईटी की प्रभावी तिथि 26 मार्च 2011 है, इसे आधार मानकर पुराने शिक्षकों को छूट दें। राज्य कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष संतोष शर्मा, मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के ब्लॉक सचिव गजेंद्र सिंह दांगी, तहसील अध्यक्ष पवन शर्मा सहित बड़ी संख्या में शिक्षक और महिला शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं। चेतावनी दी है कि यदि सरकार जल्द ही अध्यादेश से राहत प्रदान नहीं करती तो शिक्षक समाज उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगा।

# वेदी प्रतिष्ठा समारोह के लिए पंचायत कमेटी ने किये श्रीफल भेंट शीघ्र होंगे उच्च सिंहासन

**अशोकनगर।** वेदी प्रतिष्ठा समारोह के लिए पंचायत कमेटी ने पूज्य श्री सुधासागर जी महाराज को अशोकनगर आने का निवेदन किया। पंचायत कमेटी को आशा जागी है कि मुनिश्री के सानिध्य में अशोकनगर में शीघ्र वेदी प्रतिष्ठा का आयोजन कर भगवंतों को उच्च सिंहासन पर विराजमान किया जाएगा।

इस दौरान जैन समाज के मंत्री विजय धुर्रा ने देवगढ़ से लौट कर



बताया कि परम पूज्य आध्यात्मिक संत निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव श्री सुधासागर जी महाराज के अशोकनगर जिले से निकले की संभावनाओ को देखते हुए श्री शान्ति नाथ दिगम्बर जैन त्रिकाल चैबीसी मन्दिर की वेदी प्रतिष्ठा के साथ ही गांव मन्दिर एवं पाश्र्वनाथ मन्दिर की वेदी प्रतिष्ठा का निवेदन प्रतिष्ठा चार्य प्रदीप भैया के साथ जैन समाज अध्यक्ष राकेश कासंल उपाध्यक्ष अजित वरोदिया प्रदीप तारई महामंत्री राकेश अमरोद कोषाध्यक्ष सुनील अखाई मंत्री विजय धुर्रा संयोजक उमेश सिघई मनीष सिंघई मनीषवरखेडा. नीलेश टिकंल एन एस हेमंत टडैया प्रदीप कांसल मनोज जैन लल्ला प्रदीप कडरया आस्तिक जैन सहित सभी सदस्यों द्वारा श्री फल भेंट कर किया गया।

### टीईटी की परीक्षा से मुक्त करने के संबंध में ज्ञापन दिया

**ईसागढ़।** जन सुनवाई कार्यक्रम में सम्मिलित होने आए केंद्रीय मंत्री सिंधिया को अंबेडकर भवन के सामने मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ बैनर तले सैकड़ों शिक्षको ने अपनी उपस्थिति में प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षकों की टीईटी की परीक्षा से मुक्त करने के संबंध में ज्ञापन दिया। उन्होंने बताया कि विगत 1 सितंबर 2025 को सर्वोच्च न्यायालय द्वारा शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 का हवाला देते हुए जितने भी शिक्षक कार्यरत हैं उनके लिए 2 वर्ष के अंदर पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण करने का आदेश दिया है तथा आदेश के पारण में संचालक लोक शिक्षण संचनालय भोपाल के द्वारा 2 वर्ष में पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण करने के लिए 2 मार्च 2026 को सूचना पत्र जारी कर निर्धारित समय अवधि में पात्रता परीक्षा उतरी ना करने पर अनिवार्य सेवा निवृत्ति प्रदान करने का लेख किया गया है इस सूचना पत्र के बाद से प्रदेश से कार्यरत शिक्षकों में निराशा छा गई उनके परिवार के भविष्य पर संकट उत्पन्न हो गया है। जिसे लेकर मांग की गई है कि



उपरोक्त बिंदुओं पर विचार कर उच्चतम न्यायालय में पुनर्विचार याचिका दायर करने की कार्रवाई या संसद में आरटीई एक्ट 2009 में संशोधन कर एक्ट लागू होने से पूर्व भर्ती शिक्षकों को टीईटी परीक्षा से मुक्त करवाने की कृपा करें। इस दौरान तहसील अध्यक्ष राजेंद्र सिंह लोधी तहसील सचिव नन्हे राम जाटव जिला सचिव विष्णु प्रसाद साहू ब्लॉक अध्यक्ष अजय राजोरिया ब्लॉक सचिव अशोक रघुवंशी सहित सैकड़ों शिक्षक उपस्थित रहे।

**कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति आरोन**
**जिला गुना (म.प्र.)**

Email- mpapmcaron@gmail.com awmarogun-mp@nic.in

क्रमांक / मण्डी / स्टोर/2026-27/11 आरोन, दिनांक 6/4/26

// विज्ञिप्त सूचना //

एतद् द्वारा समस्त स्टेशनरी विक्रेता / मुद्रणकताओं को सूचित किया जाता है कि वर्ष 2026-27 के मण्डी समिति के उपयोग हेतु निर्धारित प्रारूप पर कार्यालय मैनुअल अनुसार छपाई कार्य कराया जाना है।

अतः इच्छुक व्यापारी/अधिकृत संस्थाओं से दिनांक 20.04.2026 तक छपाई की दरें बंद लिफाफे में प्रस्तुत कर सकते हैं। प्राप्त निविदा दिनांक 21.04.2026 को समय दोपहर 01:30 बजे खोले जावेंगे। छपाई के संबंध में अन्य जानकारी कार्यालयीन समय में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। दरें स्वीकृत / अस्वीकृत करने का अधिकार मण्डी समिति के पास सुरक्षित रहेगा।

सचिव
कृषि उपज मण्डी समिति आरोन
जिला गुना (म.प्र.)

## खबर संक्षेप



### कलेक्टर ने तहसील कार्यालय बहादुरपुर का निरीक्षण किया

**अशोकनगर।** कलेक्टर साकेत मालवीय द्वारा सोमवार को तहसील कार्यालय बहादुरपुर का निरीक्षण किया। उन्होंने तहसील कार्यालय में न्यायालय कक्ष, उपलोक सेवा केंद्र,आधार केंद्र का निरीक्षण कर संबंधितों को आवश्यक निर्देश दिए।

### पति ने पत्नि से मारपीट की

**अशोकनगर।** सिटी कोतवाली अशोकनगर थाने के अंतगर्त पठार निवासी पूजा कोरी ने अपने पति पर मारपीट किए जाने का मामला दर्ज कराया है, जिसमें कहा गया है उसके पति प्रशांत कोरी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। फरियादी महिला की रिपोर्ट पर से पुलिस ने आरोपी पति के विरूद्ध मामला दर्ज किया है।

### पति, सास व देवर के विरूद्ध दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज

**अशोकनगर।** सिटी कोतवाली अशोकनगर के अंतर्गत दुर्गा कॉलोनी निवासी दीक्षा ओझा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि दहेज की मांग को लेकर ससुराल पक्ष द्वारा उसे शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ति किया गया। जिस पर से पुलिस ने ससुराल पक्ष के हितेश, योगेश और शेलेष ओझा निवासी भोपाल के विरूद्ध दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज किया गया है।

### बाइक फिसलने से युवक की मौत

**अशोकनगर।** जिले के पिपरई थाने के अंतर्गत नेतराम पुत्र करतार सिंह बंजारा, उम्र 30 साल निवासी ग्राम सेमरी चक्क, बाइक से आ रहा था तभी सेमरी और ढोड़यिा के बीच तालाब के पास मोड़ पर बाईक फिसल गई जिससे उसके सिर में गंभीर चोटे आई थीं। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई जिस पर पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है।

## एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और रेसक्यू अभियान चलाया

# अजलेश्वर में तालाब पर नहाने गए 3 किशोरों की पानी में डूबने से मौत, गांव में मातम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अशोकनगर

जिला मुख्यालय से 35 किलोमीटर दूर विधायक जगन्नाथ सिंह रघुवंशी के गृह ग्राम अजलेश्वर में सोमवार को एक दर्दनाक हादसा हो गया, जिसमें गांव के तालाब पर नहाने गए तीन किशोरों की पानी में डूबने से मौत हो गई। जैसे ही इस घटना का पता चला, एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और रेसक्यू अभियान चलाया गया, लेकिन इन बच्चों को नहीं बचाया जा सका।


यह तालाब अजलेश्वर गांव से 2 किलोमीटर दूर है, इस तालाब पर परीक्षा होने के बाद अपने गांव में यह किशोर अपने दोस्तों के साथ तालाब की ओर निकल पड़े। घर से 6 किशोर साथ में नहाने के लिए निकले थे। तालाब पर नहाने के दौरान 6 किशोरों में से 3 किशोर ही घर लौटे, 3 किशोरों की पानी में डूबने से मौत हो गई। यह घटना दोपहर 12 से 12:30 बजे की बीच होना बताई गई है, तालाब में नहाने के दौरान इन बच्चों को तैरना नहीं आता था लेकिन उन्हें क्या पता था कि जिस तालाब में वह मस्ती करने के लिए आए हैं वह तालाब उनके लिए काल बनकर आ सकता है।





### तीनों किशोर अपने पिता की इकलौती संतान थे







यह अपने पिता की इकलौती संतान थे, इनमें दो बच्चे मयंक और ओम रघुवंशी गुना में रहकर पढ़ाई कर रहे थे, जिनमें मयंक कक्षा 9वी का और ओम रघुवंशी कक्षा 8 का छात्र था, जबकि देव रघुवंशी कक्षा 8वी में नईसरायं में ही पढ़ता था। परीक्षा होने के कारण यह बच्चे भी गुना से अपने गृह ग्राम अजलेश्वर आ गए थे। इस घटना के बाद गांव में मातम छाया हुआ है। इस घटना के बाद मृतकों का शव परीक्षण कर शव परिवार जनों को सौंपा गया। शाम को 3 किशारों का अंतिम संस्कार किया गया, गांव में हर ग्राम की आंखे नम थीं, इन किशोरों को देखकर भविष्य के सपने बुने जा रहे थे किसी को क्या पता था कि 6 अप्रेल की दोपहर 12 बजे का समय काल बनकर आएगा। यह घटना जिसने भी सुनी उसकी आखें नम थीं।

### 6 किशोर तालाब पर नहाने गए थे, गहरे पानी में चले गए

नहाते समय 6 किशोर मौजूद थे लेकिन 3 किशोर तालाब के गहरे पानी में चले गए, जब शेष तीन किशोरों ने उन्हें पानी में डूबते हुए देखा तो वह घबरा गए और वहां से सीधे गांव में पहुंचे और परिवार के लोगों को व ग्रामीणों को इस घटना की जानकारी दी, जिसके बाद ग्रामीण मौके पर पहुंचे और अपने स्तर पर इन बच्चों को बचाने का प्रयास किया। ईसागढ और नईसरायं के प्रशासनिक अधिकारियो को घटना की जानकारी दी गई, जिसके बाद अशोकनगर जिला मुख्यालय से एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और रेसक्यू अभियान चलाया गया। लेकिन तब तक देर हो चुकी थी, एसडीआरएफ की टीम ने तालाब के पानी से जब इन बच्चों को निकाला तो उनकी सांसे थम गईं थी, उन्हें पानी से बाहर निकालने के बाद बचाने के प्रयास भी हुए लेकिन वह प्रयास कोई काम नहीं आए, किशोरों की इस छोटी सी नादानी से 3 परिवारों के चिराग बुझ गए, पूरे गांव में मातम पसरा है। 2 किशोर गुना में पढ़ाई कर रहे थे और अपने गांव आए थे।

## मानवीय संवेदनशीलता की मिसाल

# पुलिस ने आत्महत्या का प्रयास कर रही 60 वर्षीय वृद्ध महिला की जान बचाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अशोकनगर



पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन मे थाना कोतवाली द्वारा त्वरित एवं संवेदनशील कार्यवाही करते हुए आत्महत्या का प्रयास कर रही एक 60 वर्षीय महिला की जान बचाकर मानवता का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया गया है।

उल्लेखनीय है कि 5 अप्रेल को रात्रि लगभग 20:45 बजे अशोकनगर पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि टोरिया रोड पावर हाउस के पास स्थित एक मकान में एक वृद्ध महिला द्वारा स्वयं को कमरे में बंद कर फांसी लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया जा रहा है। उक्त सूचना सिटी मोबाईल में भ्रमण कर रहे सउनि दिनेश कुमार शर्मा को प्राप्त हुई, जिन्होंने तत्काल थाना प्रभारी को अवगत कराया। थाना प्रभारी द्वारा घटना की जानकारी पुलिस अधीक्षक अशोकनगर को दी गई, जिस पर पुलिस अधीक्षक द्वारा तत्काल पुलिस टीम को मौके पर भेजकर महिला का सुरक्षित रेस्क्यू करने के निर्देश दिए गए। सउनि दिनेश कुमार शर्मा, आरक्षक अभयराज रघुवंशी एवं आरक्षक पवन धाकड़ को तत्काल घटनास्थल पर भेजा गया। मौके पर पहुँचने पर पाया गया कि कमरा अंदर से बंद था एवं महिला की स्थिति गंभीर थी। परिजन मौके पर उपस्थित थे एवं अत्यंत चिंतित थे। कमरे के अंदर झांककर देखा गया तो महिला साड़ी के फंदे से लटकी हुई दिखाई दी।

स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम ने बिना विलंब के वैकल्पिक उपाय अपनाते हुए कमरे की छत पर लगे टीनशेड को हटाकर अंदर प्रवेश किया। तत्पश्चात सावधानीपूर्वक महिला को फंदे से उतारकर बाहर निकाला गया। महिला में उस समय हल्की सांस चल रही थी, जिसे तुरंत थाना वाहन से जिला चिकित्सालय अशोकनगर पहुँचाया गया, जहाँ डॉक्टरों द्वारा तत्काल उपचार प्रारंभ किया गया।

## 13000 वर्गफीट में बनने वाले भवन में होगी सुविधाएं

# भाजपा के स्थापना दिवस पर जिला कार्यालय भवन का भूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अशोकनगर



भारतीय जनता पार्टी द्वारा सोमवार 6 अप्रैल को 47वां स्थापना दिवस उत्साह पूर्वक मनाया गया। उक्त आशय की जानकारी देते हुए भाजपा जिला मीडिया प्रभारी डॉक्टर हरवीर सिंह रघुवंशी ने बताया कि भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी के मार्गदर्शन में जिले भर में जिला कार्यालय से लेकर बूथ स्तर तक पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा झंडा वंदन किया गया।

जिला कार्यालय पर भाजपा जिला अध्यक्ष द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इस दौरान प्रातः 10 बजे भाजपा के नवीन जिला कार्यालय भवन बायपास रोड महिला थाने के सामने के लिए भाजपा प्रदेश कार्यालय से मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल क्षेत्रीय संगठन मंत्री अजय जामवाल द्वारा वर्चुअल भूमि पूजन किया गया। इस दौरान यहां आयोजित कार्यक्रम में सभी ने सीधे प्रसारण के माध्यम से देखा सुना। इस दौरान जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी जिला संगठन प्रभारी एवं सागर विधायक शैलेंद्र जैन मुंगावली विधायक बृजेंद्र सिंह यादव चंदेरी विधायक जगन्नाथ सिंह रघुवंशी पूर्व विधायक जजपाल सिंह,लड्डूराम कोरी, नपा अध्यक्ष नीरज मनोरिया, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष जयकुमार सिंघई, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नारायण प्रसाद शर्मा, सिरनाम सिंह यादव, जिला महामंत्री नरेश ग्वाल, शीला जाटव, महिला मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष विभा श्रीवास्तव, मंडल अध्यक्ष प्रांजल जैन, सनत शर्मा सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि भाजपा का जिला कार्यालय 13000 वर्गफीट में निर्माण कराया जा रहा है। जो सर्व सुविधा युक्त होगा तथा निर्माण लगभग 1 वर्ष में पूर्ण होने की संभावना है।

# 13 दिन से जारी सफाई कर्मियों की हड़ताल खत्म
## 6 घंटे के हाई-वोल्टेज ड्रामे के बाद बनी सहमति

**अशोकनगर।** पिछली 24 मार्च से चंदेरी में चल रही सफाई कर्मियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल सोमवार को प्रशासन और आंदोलनकारियों के बीच हुई 6 घंटे की तीखी नोक झोंक और लंबी चर्चा के बाद आखिरकार समाप्त हो गई। भीम आर्मी और वाल्मीकि एकता के बैनर तले नगर पालिका की तालाबंदी करने निकले प्रदर्शनकारियों को पुलिस ने भारी घेराबंदी के बीच रोका, जिसके बाद मांगों पर सहमति बनी।

**छावनी में तब्दील रहा शहर, ड्रोन से रखी गई नजर**

सोमवार सुबह से ही चंदेरी नगर में तनाव का माहौल देखा गया। भीम आर्मी के प्रदेश संयोजक सुनील बैरसिया के नेतृत्व में नगर पालिका के घेराव के आवाहन को देखते हुए प्रशासन अलर्ट मोड पर था। शहर के चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात रहा। आंदोलनकारियों की हर गतिविधि पर ड्रोन और सीसीटीवी कैमरों से पैनी नजर रखी जा रही थी।



दोपहर करीब 2:30 बजे जब सफाई कर्मी और भीम आर्मी के कार्यकर्ता नगर पालिका की ओर बढ़े, तो पुलिस ने उन्हें रेस्ट हाउस के पास ही रोक लिया। यहाँ प्रदर्शनकारियों और अधिकारियों के बीच जमकर बहस हुई। कार्यकर्ता नगर पालिका कार्यालय पर ही ज्ञापन देने की जिद पर अड़े रहे, जिसके बाद प्रशासन ने उन्हें वहां जाने की अनुमति दी। नगर पालिका परिसर में एसडीएम मनीष धनगर और एसडीओपी महेश शर्मा की मौजूदगी में करीब 8 से 10 सूत्रीय मांगों पर बिंदुवार चर्चा हुई।

### खास बातें

- प्रशासन ने फरवरी माह तक का रुका हुआ वेतन तत्काल क्लियर करने का आश्वासन दिया।
- सफाई दरोगा रवि खन्ना को हटाने की मांग पर एसडीएम ने स्पष्ट किया कि स्थानांतरण शासन स्तर का विषय है, इसके लिए वरिष्ठ कार्यालय को पत्राचार किया जाएगा।
- सफाई कर्मी रूपेश गवरी को वापस काम पर रखने के लिए पंचनामा और निष्पक्ष जांच का भरोसा दिया गया।
- वार्ता सफल होने के बाद सफाई कर्मियों ने मंगलवार से काम पर लौटने का निर्णय लिया है।
- हड़ताल के दौरान के 13 दिनों का वेतन देने की मांग को प्रशासन ने सिरे से खारिज कर दिया।

## मनीष जैन बने पाश्र्व जैन मिलन अध्यक्ष

# वार्षिक स्नेह मिलन समारोह के साथ चुनाव भी संपन्न कराए गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अशोकनगर

भारतीय जैन मिलन क्षेत्र 12 की शाखा पाश्र्व जैन मिलन अशोकनगर का वार्षिक परिवार मिलन समारोह रविवार को कांसल फार्म हाउस पर आयोजित किया गया। इस मिलन समारोह में शाखा के सभी सदस्यों ने सपरिवार सम्मलित होकर गेम खेले उन्हें। गेम के विजेताओं को पुरस्कार भी दिए गए।

इसमें शहर की सभी पांचों जैन मिलन शाखाओं के अध्यक्ष मंत्री कोषाध्यक्ष भी शामिल हुए और जैन समाज के अध्यक्ष राकेश कांसल एवं मंत्री राकेश अमरोद,पूर्व अध्यक्ष रमेश चैधरी तथा पाश्र्वनाथ मंदिर के संयोजक एवं भाजपा के जिला कोषाध्यक्ष मनोज रन्नौद ,शांति नगर मंदिर के संयोजक श्रैयांश जिला वैश्य सम्मेलन के अध्यक्ष हरीश जैन बल्ला सहित अनेकों गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। सभी ने शाखा के संस्थापक अध्यक्ष राष्ट्रीय मंत्री नरेश चंद्र जैन, शाखा अध्यक्ष नीरज जैन, शाखा मंत्री सोरभ जैन से स्नेह पूर्ण मुलाकात की तथा शाखा के सेवा कार्यो की सराहना करते हुए उन्नति की कामना की। पाश्र्व जैन मिलन के वार्षिक निर्वाचन की बैठक हुई जिसकी अध्यक्षता निर्वाचन अधिकारी सुभाष जैन केंची बीड़ी ने की उनके साथ सहायक के रूप में सुनील जैन धन्नू एवं निर्मल जैन क्षेत्रीय कोषाध्यक्ष थे। मीटिंग महावीर प्रार्थना के साथ प्रारंभ हुई चुनाव अधिकारी ने चुनाव प्रक्रिया सम्पन्न कराई ।

# कलेक्टर ओलावृष्टि प्रभावित गांवों में पहुंचे

**फसल क्षति आकलन किए जाने के निर्देश, नरवाई प्रबंधन के प्रति किसानों को जागरुक किए जाने के निर्देश**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अशोकनगर

विगत दिनों जिले में हुई ओलावृष्टि से प्रभावित फसलों का कलेक्टर साकेत मालवीय द्वारा सोमवार को प्रभावित ग्रामों में पहुंचकर भ्रमण किया।

इस दौरान ग्राम दमदमा चक्क एवं ग्राम जसैया में ओलावृष्टि से गेहूॅ की फसल को हुए नुकसान का जायजा लिया। भ्रमण के दौरान संबंधित तहसीलदार को निर्देशित किया कि प्रभावित फसलों का तत्काल सर्वे कर रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। साथ ही कृषकों की फार्मर आईडी तत्काल बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कृषकों को बताया कि फार्मर आईडी एक यूनिक डिजिटल आईडी है। जिसमें सरकारी योजनाओं पीएम किसान सम्मान निधि, फसल बीमा, केसीसी ऋण एवं ई विकास प्रणाली के माध्यम से उर्वरक का वितरण आदि लाभ आसानी से मिल सकेगा । कृषकों को गेहूं की फसल कटाई के बाद खेत में बचा हुआ नरवाई (फसल अवशेष) नहीं जलाने के संबंध में जागरूक किया। उन्होंने कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि नरवाई प्रबंधन के प्रति अधिक से अधिक किसानों को जागरूक किया जाए।



### समय सीमा के लंबित पत्रों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई

अशोकनगर। सोमवार को साप्ताहिक समीक्षा बैठक कलेक्टर साकेत मालवीय की अध्यक्षता में आयोजित की गई। कलेक्टर ने कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता, जवाबदेही और समन्वय आवश्यक है। आमजन से जुड़े प्रकरणों में संवेदनशीलता के साथ त्वरित कार्रवाई की जाए।

उन्होंने निर्देश दिए कि जनसुनवाई के आवेदनों का निराकरण विभागों द्वारा किया जाकर साप्ताहिक जानकारी अपडेट रखी जाए। जिले में चना,मसूर एवं सरसों के उपार्जन का कार्य सुव्यवस्थित तरीके से किया जाए। उन्होंने क्षतिग्रस्त स्कूलों एवं भवनों के संबंध में निर्देशित किया कि कोई भी स्कूल क्षतिग्रस्त भवन में न लगे यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने संकल्प से समाधान अभियान की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने मुख्यमंत्री कार्यालय,केन्द्रीय मंत्री,प्रभारी मंत्री,वरीष्ठ कार्यालय, जनप्रतिनिधियों से प्राप्त पत्रों पर त्वरित कार्यवाही किये जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए।उन्होंने पीएम आवास के संबंध में जनपद वार समीक्षा की।बैठक में आई गोट पोर्टल पर 8 अप्रैल तक अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा लिये जाने वाले प्रशिक्षण के संबंध में निर्देशित किया।

### श्री महावीर बाल विद्या निकेतन पिपरई का रिजल्ट रहा शत प्रतिशत



अशोकनगर। श्री महावीर बाल विद्या निकेतन पिपरई के कक्षा एलकेजी से कक्षा 7 के परीक्षा परिणाम इस वर्ष शत-प्रतिशत रहा। विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं ने परीक्षा में सफलता प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। परिणाम घोषित होते ही विद्यालय परिसर में खुशी का माहौल बन गया। विद्यालय के प्राचार्य ए.के जैन एवं शिक्षक डी.पी व अन्य शिक्षकों ने विद्यार्थियों की इस सफलता पर उन्हें बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्राचार्य ए.के जैन ने कहा कि कक्षा एलकेजी से लेकर कक्षा 7 के सभी बच्चे पास हुए जिनमें यूकेजी में नैना विश्वकर्मा कक्षा एक से आयुष यादव कथा 2 से सोनम नायक कथा 3 से महक सेन, कथा 4 से सक्षम यादव कथा 5वीं से राधिका कुशवाह कथा 6वीं काजल अहिरवार 7वी कक्षा से पलक पटेल ने ए प्लस ग्रेड से पास हुए हैं। विद्यार्थियों की मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन से यह शानदार परिणाम संभव हो पाया है।

# भारतीय किसान संघ ने किसानों की समस्याओं को लेकर प्रदर्शन किया

**अशोकनगर।** भारतीय किसान संघ ने सोमवार को जिला मुख्यालय पर अपनी मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। किसानों की मांग है कि उनकी समस्याओं का निराकरण नहीं किया जा रहा है जिसके कारण उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस मौके पर किसान संघ के जिला अध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह रघुवंशी के नेतृत्व में यह ज्ञापन सौंपा गया।

**किसानों की ये मांगें**

अशोकनगर जिले में रवि एवं खरीफ की फसलो की मानक उत्पादन क्षमता बढ़ाई जाये जिससे किसानों की पूरी फसल उपार्जन केंद्र पर बिक सके और बीमा के दायरे में भी आ सकें।

अशोकनगर जिले में राजघाट बांध है बांध से अशोकनगर जिले में नहर लाई जावे जिससे अशोकनगर जिले की सम्पूर्ण भूमि सिंचित हो सके जिले में जल स्तर काफी नीचे जा चुका है एवं नहर को सिंध नदी से जोड़ा जाये इससे नदी से नदी जोड़ने का कार्य भी होगा।

नवीन गल्ला मण्डी में तीन तौल कॉटे एवं पुरानी गल्ला मण्डी में एक और तौल कौंटा बढ़ाया जाये।

किसानों को निजी वेयर हाउस 8 कि.मी. तक तौल के लिये जाना पड़ता है जिससे किसानों समय और डीजल दीनों खर्च होते हैं किसानों की तौल मण्डी में ही कराई जाये एवं सभी तौल कॉटों पर रेट निर्धारित की जाये।




जिले में राजस्व विभाग के लंबित प्रकरण जैसे नामांकन, इंद्राज दुरुस्ती. बंटवारा. बंटांकन सीमांकन का शीघ्र निराकरण किया जावे।

जिले में किसानों की फार्म आईडी में पूरी जमीनों के सर्वे नं. नहीं दिखते है जिससे ई टोकन नहीं बन पा रहे हैं जिससे किसानों को खाद में परेशानी आयेगी। किसान को जो खाद आवश्यक हैवही दिया जावे। डीएपी, एनपीके 12:32:16 और यूरिया की पर्याप्त व्यवस्था समय से पहले की जावे और किसान को उसकी मॉग के अनुसार दिया जावे।

जिले में सभी उपार्जन केंद्रों पर समिति प्रबंधक को अभी से बारदाना, पानी, बैठनी को छाया की व्यवस्था हो जाये और सर्वेयर द्वारा तौल सुबह 9 बजे से चालू की जानी चाहिये। जिले में कटाई के समय बारिस होने से कुछ फसलों में काला धब्बा और पतला दाना पड़ने से उसको खरीदने में सर्वेयर द्वारा परेशान न किया जाये।


## जमीन किसी और की थी और पंजीयन किसी और के नाम

# समर्थन मूल्य खरीदी में फर्जी पंजीयन घोटाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुंगावली

सरकार भले ही भ्रष्टाचार खत्म करने के लिए हर साल नई व्यवस्थाएं लागू करती है लेकिन जमीनी स्तर पर बैठे भ्रष्ट तत्व हर बार उसका तोड़ निकाल लेते हैं। इस बार समर्थन मूल्य पर अनाज खरीदी के लिए हुए पंजीयन में एक बड़ा घोटाला सामने आया है। ताज्जुब की बात यह है कि प्रशासन द्वारा री-सत्यापन (फिर से जांच) करने के बाद भी फर्जी पंजीयन कम होने के बजाय बढ़ गए हैं।

**जिम्मेदारों की मिलीभगत या लापरवाही?** सेवा सहकारी समिति मर्यादित मुंगावली, ओडेर, मल्हारगढ़ और डोंगरा ग्राम सेहराई जैसे केंद्रों पर फर्जीवाड़े की परतें दिन-ब-दिन खुल रही हैं। हाल ही में ओडेर समिति में ऐसा मामला सामने आया जहां जमीन किसी और की थी और पंजीयन किसी और के नाम पर कर दिया गया। जब शिकायत हुई तो अधिकारियों ने सत्यापन की बात कही लेकिन आलम यह है कि फर्जी पंजीयन आज भी पोर्टल पर सत्यापित दिख रहे हैं। न तो इन पंजीयनों को निरस्त किया गया और न ही दोषियों पर कोई ठोस कार्रवाई हुई जिससे अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।



Print Date: 4/4/2026 2:33:43 PM

खाद्य,नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग
रबी फ़सल के उपार्जन हेतु किसान पंजीयन पर्ची वर्ष 2026-27
समग्र सदस्य आईडी : 144145428

किसान की व्यक्तिगत जानकारी:-
किसान का नाम (हिंदी में) : सोनू दोहरे | पिता/पति का नाम (हिंदी में) : रामगोपाल दोहरे
किसान का नाम (इंग्लिश में) : SONU DOHRE | पिता/पति का नाम (इंग्लिश में) : RAMGOPAL DOHARE
जिला : अशोकनगर | तहसील : मुंगावली
ग्राम : अस्पत खेड़ी..... | पंजीयन दिनांक : 3/16/2026 9:57:00 PM
मोबाइल नं. : 8815748423 | किसान कोड : 263462400603
ऐग्रीस्टेक आई. डी. :
वर्ग : एस.सी. | आधार न. : Yes
नामिनी/नामांकित व्यक्ति की जानकारी :-
नामांकित व्यक्ति का नाम : | नामांकित व्यक्ति का मोबाइल नं. :
बैंक जानकारी : किसान का भुगतान आधार से लिंक खाते मे किया जायगा | पंजीयन केंद्र : सेवा सहकारी समिति मर्या० ओडेर ,समिति मुख्यालय
किसान के बैंक खाते की जानकारी पासबुक अनुसार :-
बैंक का नाम : | बैंक शाखा का नाम :
बैंक खाता संख्या : 33647218204 | आई.एफ.एस.सी कोड : SBIN0030084

| जिला | तहसील | ग्राम/वन ग्राम | फसल | स्वयं/सिकिमी/ | मूल भू.स्वामी/पट्टाधारी का नाम | पटवारी हल्का न. | खसरा क्र./पट्टा क्र. | रकबा | सिंचित रकबा (हेक्टेयर में) | असिंचित रकबा (हेक्टेयर में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अशोकनगर | मुंगावली | टीला | मसूर | स्वयं | ओमप्रकाश ब्रजभानसिंह,गीताबाई गुड्डीबाई,हरकुंवरबाई | 00026 | 177 | 3.375 | 3.375 | 0 |
| अशोकनगर | मुंगावली | टीला | मसूर | स्वयं | रामदास | 00026 | 111 | 1.484 | 1.484 | 0 |
| अशोकनगर | मुंगावली | टीला | मसूर | स्वयं | हरिराम,कीरतसिंह,गुडडीबाई | 00026 | 155 | 0.376 | 0.376 | 0 |
| अशोकनगर | मुंगावली | टीला | मसूर | स्वयं | परमालसिंह हि 0.126है , लल्लू हि 0.140है पुत्रगण भैयालाल ,,शिवचरण पुत्र काशीराम हिस्सा 1.042, रामसखीबाई बेवा अजबसिंह विशाल रामबाबू श्यामबाबू सुमत बलराम | 00026 | 163/2 | 1.045 | 1.045 | 0 |
| अशोकनगर | मुंगावली | टीला | मसूर | स्वयं | हरकुंअरबाई | 00026 | 181/2 | 4.128 | 4.128 | 0 |
| अशोकनगर | मुंगावली | टीला | मसूर | स्वयं | कृपाराम,कृपाराम | 00026 | 69 | 1.035 | 1.035 | 0 |
| अशोकनगर | मुंगावली | टीला | मसूर | स्वयं | हरकुंअरबाई | 00026 | 176/3 | 0.146 | 0.146 | 0 |
| अशोकनगर | मुंगावली | टीला | मसूर | स्वयं | ओमप्रकाश | 00026 | 86/2 | 1.59 | 1.59 | 0 |
| | | | | | | | Total:- | 13.179 | 13.179 | 0 |

दिनांक: 3/16/2026 9:57:00 PM
कृषक के हस्ताक्षर/अंगूठे का निशान

**रकबा चोरी का खेल जांच के बाद कम होने के बजाय बढ़ गया रकबा**

पंजीयन घोटाले की शिकायतें जब मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 181 और जिला प्रशासन तक पहुँची तो दिखावे के लिए री-सत्यापन कराया गया लेकिन परिणाम चैंकाने वाले रहे जानकारी की माने तो रकबा कम होने की जगह और बढ़ गया। बड़ा सवाल यह है कि आखिर प्रशासन की नाक के नीचे इतने बड़े स्तर पर फर्जीवाड़ा कैसे हो रहा है? क्या पूर्व में हुई एफआईआर के बाद भी भू-माफियाओं और भ्रष्ट कर्मचारियों के मन से कानून का खौफ खत्म हो चुका है?

**ऐसे अंजाम दिया जाता है घोटाले को**

इस पूरे खेल में एक सोची-समझने रणनीति के तहत काम किया जाता है पोर्टल पर जमीन का असली मालिक कोई और होता है जबकि पंजीयन में नाम किसी और का दर्ज कर दिया जाता है। पंजीयनकर्ता अपने विश्वासपात्र लोगों के नाम जोड़ते हैं ताकि सरकार द्वारा खरीदी गई फसल की राशि सीधे उनके खातों में आए और वहां से सरलता से घोटालेबाजों तक पहुंच जाए पंजीयन की आखिरी तारीख तक जो वास्तविक किसान छूट जाते है उनके रकबे पर फर्जी लोगों के नाम चढ़ा दिए जाते हैं।

### लाखों की लूट की तैयारी

पंजीयन का यह फर्जीवाड़ा सीधे तौर पर शासन के खजाने और वास्तविक किसानों के हक पर डाका है। बिना सत्यापन के पंजीयन को हरी झंडी देना यह दर्शाता है कि यह खेल बिना ऊंचे रसूख और विभागीय मिलीभगत के संभव नहीं है। अब देखना यह होगा कि क्या जिला प्रशासन इन फर्जी पंजीयनों को निरस्त कर दोषियों को जेल भेजता है या फिर किसानों के नाम पर सरकारी धन की यह बंदरबांट यूं ही चलती रहेगी। फर्जी पंजीयन मामले में जब जांच की गई तो करीब एक दर्जन ऐसे नाम सामने आए जिनका फर्जी पंजीयन पाया गया,जिसका री सत्यापन प्रशासन द्वारा किया जा रहा है,वही अब सवाल यह उठता है कि फर्जी पंजीयन मामले में जिम्मेदार गंभीरता से इस मामले को क्यों नहीं ले रही रही है।

### इनका कहना है

पंजीयन मामले में उप सहकारिता ओर सहकारी बैंक को जांच के लिए लिखा है साथ ही इस मामले में मुंगावली एसडीएम जांच कर रहे हैं।

**प्राची शर्मा जिला** खाद्य अधिकारी अशोकनगर

## टीएल बैठक में शिक्षा विभाग सहित अन्य विभागों को कलेक्टर के सख्त

# एक ही दुकान से किताबें बेचने पर लगेगा भारी जुर्माना

### सीएम हेल्पलाइन एवं समय-सीमा प्रकरणों के निराकरण में लापरवाही पर कड़ी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में समय-सीमा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सीएम हेल्पलाइन की विभागवार समीक्षा की गई। कलेक्टर डॉ. मिश्रा द्वारा राजस्व, ऊर्जा, महिला एवं बाल विकास तथा खाद्य एवं नगरीय आपूर्ति विभाग को निर्देशित किया गया कि सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का समय-सीमा में अनिवार्य रूप से निराकरण किया जाए तथा प्रत्येक शिकायत पर पोर्टल में संतोषजनक उत्तर दर्ज किया जाए। बैठक में सार्थक की विभागवार समीक्षा भी की गई। जिन विभागों द्वारा ई-अटेंडेंस दर्ज नहीं की जा रही है, उनसे नोटशीट पर कारण सहित विस्तृत जानकारी प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए।

इसके साथ ही कलेक्टर डॉ. मिश्रा द्वारा समग्र ई-केवायसी एवं डिलीशन की ग्राम पंचायतवार गहन समीक्षा की गई। जिन ग्राम पंचायतों में प्रगति कम पाई गई, उन्हें आगामी समय सीमा बैठक तक प्रगति में सुधार लाने के सख्त निर्देश दिए गए। साथ ही जनपद पंचायत खिलचीपुर के सीईओ को पिपलायकलां एवं रणारा ग्राम पंचायतों में समग्र ई-केवायसी की प्रगति में सुधार लाने के निर्देश दिए। साथ ही सभी जनपद सीईओ को लंबित समग्र ई-केवायसी के डाटा की नियमित समीक्षा करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में संबल योजना एवं समग्र की लंबित प्रकरणों की भी समीक्षा की गई। सभी जनपद सीईओ से समग्र की लंबित प्रकरणों के संबंध में स्पष्टिकरण प्राप्त किया गया।

कलेक्टर डॉ. मिश्रा द्वारा निर्देश दिए गए कि छात्रावासों का निरीक्षण जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा किया जाए। इसके लिए आवश्यक आदेश जारी करने हेतु संबंधित अधिकारी अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण विभाग (डीओटीडब्ल्यू) को निर्देशित किया गया। बैठक में अनुपस्थित रहने पर पीएचई एवं जल निगम के अधिकारियों को नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिए गए। उन्होंने तहसीलदार खुजनेर एवं तहसीलदार नरसिंहगढ़ को हिट एंड रन प्रकरणों की जानकारी उपलब्ध न होने तथा लंबित कृषक कल्याण प्रकरणों की जानकारी न होने पर नोटिस जारी किया गया। बैठक में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा भी की गई तथा कार्यों में गति लाने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने नरवाई प्रबंधन को लेकर सख्त रुख अपनाते हुए निर्देश दिए कि नरवाई जलाने की घटनाओं पर तत्काल एफआईआर दर्ज की जाए तथा जुर्माना लगाया जाए। सभी एसडीएम को इस संबंध में सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही पटवारी एवं आरआई द्वारा कार्रवाई नहीं करने की स्थिति में उनके विरुद्ध भी कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई। साथ ही उन्होंने निजी विद्यालयों को निर्देशित किया गया कि निर्धारित नियमों का पालन सुनिश्चित करें। एक ही दुकान से पुस्तक क्रय कराने की अनिवार्यता, पुस्तकों के अत्यधिक मूल्य तथा अन्य अनियमितताओं पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। 3 दिवस का अंतिम अवसर प्रदान करते हुए सुधार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए, अन्यथा 2 लाख रुपये तक का अर्थदंड लगाया जाएगा।

कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने सभी एसडीएम, विशेष रूप से ब्यावरा क्षेत्र में, निजी विद्यालयों के सख्त निरीक्षण के निर्देश दिए तथा कहा कि किसी भी प्रकार की मनमानी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही पुस्तक मेले की कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए गए तथा एनसीईआरटी पुस्तकों को बढ़ावा देने के लिए भी कहा गया। बैठक में लापरवाही पर कड़ा रुख अपनाते हुए कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने समय-सीमा से बाहर लंबित आवेदनों पर प्रति प्रकरण 1-1 हजार रूपये का अर्थदंड भी संबंधित अधिकारियों पर लगाया गया। जिनमें मुख्य नगर पालिका अधिकारी माचलपुर श्री देवेंद्र वत्स, सचिव ग्राम पंचायत रनारा जनपद पंचायत खिलचीपुर श्री प्रेम सिंह दांगी व सचिव ग्राम पंचायत भाटखेडी जनपद पंचायत ब्यावरा श्री रमेश चन्द्र नागर शामिल है। इसके साथ ही जाति अभियान में जाति प्रमाण पत्र, मूल

## भाजपा स्थापना दिवस पर हुआ ध्वजारोहण, वरिष्ठ कार्यकर्ता का

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर नगर में उत्साह और संगठनात्मक एकजुटता के साथ विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर मंत्री गौतम टेटवाल के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके पश्चात भाजपा कार्यालय में विधिवत ध्वजारोहण कार्यक्रम संपन्न हुआ, जहां पार्टी का ध्वज फहराकर कार्यकर्ताओं ने संगठन के प्रति अपनी निष्ठा और समर्पण का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता नारायण प्रसाद सोनी जी का सम्मान भी किया गया। उन्हें संगठन के प्रति उनके लंबे समय से किए जा रहे योगदान और सक्रिय भूमिका के लिए विशेष रूप से सराहा गया।

इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद, नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल सहित बड़ी संख्या में



भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने और संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की स्थापना राष्ट्रहित और सेवा भाव के उद्देश्य से हुई थी, और आज पार्टी विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी के रूप में स्थापित हो चुकी है। कार्यकर्ताओं से आह्वान किया गया कि वे पार्टी की नीतियों और सिद्धांतों को आम जनता तक पहुंचाने के लिए निरंतर

## विधायक कार्यालय में उत्साहपूर्वक मनाया गया भाजपा का 47वां स्थापना दिवस

**जीरापुर :** स्थानीय विधायक कार्यालय में भारतीय जनता पार्टी का 47वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पार्टी के संस्थापक एवं पितृ पुरुष, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया।




इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक हजारीलाल दांगी एवं भाजपा के समस्त पदाधिकारियों ने कार्यालय परिसर में पार्टी का ध्वज फहराया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक श्री दांगी ने कहा , केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के कारण आज गांव-गांव में ऐतिहासिक विकास हुआ है। इन योजनाओं से ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में लोग आत्मनिर्भर बने हैं, प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि हुई है और महिला सशक्तिकरण को नई गति मिली है। भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष दिनेश पुरोहित ने जनसंघ के दौर से लेकर 1980 में भारतीय जनता पार्टी की स्थापना तक की संघर्ष यात्रा पर प्रकाश डाला। इस गौरवमयी अवसर पर रामचरण किरार, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह, ईश्वर तोमर, पूर्व मंडल अध्यक्ष विष्णुसिंह पंवार, शिवराज सिंह चौहान, देवकीनंदन जमींदार, वंदना दांगी सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। संचालन मंडल महामंत्री रमेशचंद्र शर्मा ने किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि भाजपा ने समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए कार्य किया है।

## नवांकुर संस्था ने दीवार लेखन कर ग्रामीणों को जल संरक्षण के प्रति किया जागरूक




माचलपुर। मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के 'जलगंगा संवर्धन अभियान 2026' के अंतर्गत नवांकुर संस्था श्री महावीर चाठा कुंडी बालाजी शिक्षण समिति द्वारा नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया। संस्था के अध्यक्ष दिनेश कुमार लववंशी एवं कोषाध्यक्ष राधेश्याम लववंशी के नेतृत्व में टीम ने दीवार लेखन के माध्यम से जल सहेजने का संदेश दिया। अभियान के दौरान माचलपुर नगर सहित ग्राम झरनिया, जामगांव, मल्हारपुरा और सुंदरपुर के मुख्य चौराहों, पंचायत भवनों तथा पुराने कुओं के पास प्रेरक नारे लिखे गए। ₹जल है तो कल है₹ और ₹बावड़ी-कुएं शान हमारी₹ जैसे नारों और चित्रों के जरिए ग्रामीणों को पारंपरिक जल स्त्रोतों के महत्व के बारे में बताया गया। लेखन के साथ ही संस्था के सदस्यों ने ग्रामीणों से जनसंवाद कर उन्हें पुरानी बावड़ियों की साफ-सफाई करने और वर्षा जल संचयन (रेन वाटर हार्वेस्टिंग) अपनाने हेतु प्रेरित किया। टीम का मुख्य उद्देश्य लुप्त हो रहे जल स्त्रोतों का पुनरुद्धार करना और आमजन को जल की बर्बादी रोकने के लिए संकल्पित करना है।

## राष्ट्रीय पशु पालक संघ के बैनर तले पशुपालकों ने एस डी एम के नाम सौंपा ज्ञापन, चोरों के आतंक से मुक्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर




राजस्थान से आए ऊंट भेड़ बकरी चराने वाले। इन दिनों। चोरों से बेहद परेशान है लगातार उनके पशु चोरी हो रहे है इतना ही नहीं उन पर हमलों की घटनाओं से भी परेशान पशुपालकों ने सोमवार को एकजुट होकर एस डी एम रोहित बम्होरे अनुविभागीय अधिकारी को राष्ट्रीय पशुपालन संघह्व के बैनर तले ज्ञापन सौंप कर सुरक्षा की मांग की है। बड़ी संख्या में पशुपालक पारंपरिक वेशभूषा में उपस्थित रहे।

ज्ञापन में बताया गया कि सारंगपुर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में पिछले कुछ दिनों से चोरों के गिरोह सक्रिय हैं, जो 25-30 लोगों के समूह में आकर पशुधन चोरी करने का प्रयास करते हैं। इन घटनाओं से पशुपालकों में भय का माहौल बना हुआ है और उनका जीवन असुरक्षित हो गया है।पशुपालकों का आरोप है कि इस संबंध में स्थानीय थाने में कई बार शिकायत करने के बावजूद न तो रिपोर्ट दर्ज की जा रही है और न ही कोई ठोस कार्रवाई हो रही है। इससे चोरों के हौसले लगातार बुलंद होते जा रहे हैं। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि संदिग्ध गिरोह विशेष रूप से निपानिया क्षेत्र की दिशा से आते हैं, जिसकी जांच की मांग की गई है। पशुपालकों ने प्रशासन से मांग की है कि उनकी शिकायत तत्काल दर्ज कर क्षेत्र में सख्त सुरक्षा व्यवस्था की जाए। साथ ही चोरों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई कर उन्हें जल्द से जल्द पकड़ा जाए, ताकि पशुपालकों को सुरक्षा और न्याय मिल सके। ज्ञापन सौंपते समय पशुपालकों ने ह्लचोरों के आतंक से मुक्ति दिलाओह्व जैसे नारे भी लगाए और प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई की अपेक्षा जताई। इस दौरान दरमियान नगा राम देवासी उपाध्यक्ष राष्ट्रीय पशुपालक,नेमा राम,समेला राम,भूदा राम सहित पशुपाल उपस्थित थे ।

## मां बिजासन भेसवामाता मंदिर की दान पेटी से निकले 10 लाख से अधिक रुपए



**सारंगपुर।** सोमवार को क्षेत्र के प्रसिद्ध मां बिजासन भेसवामाता मंदिर में श्रद्धालुओं द्वारा अर्पित दान राशि की गणना की गई। मंदिर परिसर में विधिवत रूप से दान पेटी खोली गई, जिसके बाद प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में पूरी प्रक्रिया पारदर्शिता के साथ संपन्न हुई। गणना के दौरान मंदिर की दान पेटी से कुल 10,15,950 रुपए (दस लाख पंद्रह हजार नौ सौ पचास रुपए) की राशि प्राप्त हुई। बड़ी संख्या में मौजूद कर्मचारियों एवं स्थानीय लोगों ने मिलकर नोट और सिक्कों की गिनती की। इस अवसर पर नायब तहसीलदार गौपालसिंह चौहान, प्रभारी राजस्व निरीक्षक रामबाबू देशवाली, हल्का पटवारी के.एल. फूलेरिया, सुरेंद्र भिलाला सहित तहसील सारंगपुर के समस्त पटवारी एवं कोटवार उपस्थित रहे। सुरक्षा व्यवस्था के लिए थाना लीमाचौहान का पुलिस बल भी मौके पर तैनात रहा। इसके अलावा बैंक ऑफ इंडिया शाखा लीमाचौहान के प्रबंधक एवं स्टाफ ने भी गणना कार्य में सहयोग किया। प्रशासन की निगरानी में पूरी प्रक्रिया शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न हुई।मंदिर समिति के अनुसार यह राशि मंदिर के विकास एवं धार्मिक कार्यों में उपयोग की जाएगी।

## हैदरगढ़ क्षेत्र में रात में आंधी-ओलावृष्टि से भारी तबाही फसलें खेतों में बिछ गई, कच्चे मकानों को भी नुकसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

जिले की ग्यारसपुर तहसील के हैदरगढ़ और आसपास के ग्रामीण इलाकों में शनिवार रात मौसम ने अचानक करवट ले ली।

रात करीब 11 बजे तेज आंधी-तूफान के साथ बेर के आकार के ओले गिरने से किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ा। खेतों में तैयार खड़ी गेहूं और चने की फसलें बुरी तरह प्रभावित हुई हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, तेज हवाओं और ओलावृष्टि के चलते कई खेतों में खड़ी फसलें जमीन पर बिछ गईं।

जिन किसानों ने फसल काटकर खलिहानों में रखी थी, उनकी उपज भी बारिश और ओलों से भीग गई। इससे अनाज की गुणवत्ता खराब होने और उत्पादन घटने की आशंका बढ़ गई है। किसानों का कहना है कि इस समय फसल पूरी तरह पककर तैयार थी, ऐसे में यह नुकसान सीधे उनकी सालभर की मेहनत पर पानी फेरने जैसा है।

### 4—5 गांव प्रभावित, सर्वे की मांग

प्राकृतिक आपदा का असर केवल खेतों तक सीमित नहीं रहा। तेज हवाओं से कई कच्चे मकानों के कबेलू उड़ गए, जबकि टीन और फाइबर की चादरें दूर जा गिरीं। घरों की छतों पर रखा सामान भी बिखर गया। ग्रामीणों के मुताबिक, हैदरगढ़ क्षेत्र के करीब 4 से 5 गांव इस आपदा से प्रभावित हुए हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से शीघ्र नुकसान का सर्वे कर प्रभावित किसानों को उचित मुआवजा प्रदान करने की मांग की है।

### बिजली का तार टूटने से 2 बीघा की फसल खाक

**अहमदपुर।** बिजली की लाइन का तार टूटने से ग्राम अहमदपुर कस्बा में रविवार को किसान उधम सिंह लोधी खेत में खड़ी गेहूं की फसल में आग लग गई। करीब 2 बीघा की फसल जलकर खाक हो गई। ग्रामीणों ने बड़ी मुश्किल से आग पर कब पाया। चौकीदार रूप सिंह लोधी ने मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों को बुलाकर

### नटेरन पुलिस ने फरार 2 इनामी आरोपियों को दबोचा

हरिभूमि न्यूज. विदिशा। नटेरन थाना पुलिस ने चार साल से फरार दो इनामी आरोपियों को दबोच लिया। आरोपी जिब्राईल (49) और हैदर खान (25), निवासी ग्राम करमेडी पर दो- दो हजार का इनाम था। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने ग्राम करमेडी में घेराबंदी कर दोनों


## माचलपुर में भव्य श्री खाटू श्याम मंदिर निर्माण हेतु समिति गठित, रामबाबू राठौर बने अध्यक्ष

**माचलपुर :** नगर के श्री भोना जी महाराज मंदिर पर आयोजित खाटू श्याम परिवार की विशेष बैठक में भव्य मंदिर निर्माण की रूपरेखा तैयार कर 'श्री खाटू श्याम मंदिर निर्माण समिति' का विधिवत गठन किया गया। विधायक हजारीलाल दांगी द्वारा फाग उत्सव में की गई मंदिर निर्माण की घोषणा के बाद से ही भक्तों में भारी उत्साह है, जिसके चलते सर्वसम्मति से रामबाबू राठौर को अध्यक्ष, राजू जी मारू व अभिषेक सर्राफ को उपाध्यक्ष, भानुप्रताप सिंह चौहान को सचिव, सोनू बंसल को कोषाध्यक्ष, योगेश प्रजापति को सह-सचिव, आकाश राठौर को सह-कोषाध्यक्ष, रामबाबू गुप्ता को प्रचार मंत्री और नितेश मालवीय को मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया। इस अवसर पर नवनियुक्त पदाधिकारियों का श्री श्याम दुपट्टा एवं पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया गया, जहाँ अध्यक्ष रामबाबू राठौर ने अपने संबोधन में प्रत्येक सदस्य को अध्यक्ष के समान महत्वपूर्ण बताते हुए निष्ठा के साथ निर्माण कार्य में जुटने का आह्वान किया। बैठक में हरपाल कुशवाह (सरपंच भगोरी), भगवान सोनी, देवेंद्र सोनी, राकेश पाटीदार, शिवप्रसाद गुजराती और राजेश गौड़ सहित सभी सदस्यों ने उपस्थिति दर्ज कराई, साथ ही मोहन वर्मा, हरपाल सिंह, रामबाबू राठौर और देवेंद्र सोनी द्वारा दान राशि व सामग्री की घोषणा के साथ मंदिर निर्माण हेतु निधि संग्रहण का शुभ शुभारंभ किया गया।



## स्लॉट बुक होने के बाद भी नहीं हुई खरीदी, वेयरहाउस से खाली हाथ लौटे

**जीरापुर।** क्षेत्र में समर्थन मूल्य पर चना-मसूर की खरीदी व्यवस्था पहले ही दिन धड़ाम हो गई। सरकार ने स्लॉट बुकिंग की प्रक्रिया तो शुरू कर दी, लेकिन धरातल पर खरीदी केंद्र तैयार नहीं हैं। सोमवार को कई किसान अपनी उपज लेकर वेयरहाउस पहुंचे, लेकिन वहां समिति प्रबंधक और कर्मचारी नदारद मिले।


खाद्य,नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग
रबी फसल के उपार्जन हेतु किसान स्लॉट बुकिंग पर्ची वर्ष 2026-27
समग्र सदस्य आई.डी.: 115997410
किसान की व्यक्तिगत जानकारी:-
किसान का नाम : PUR SINGH
पिता/पति का नाम : RAM NARAYAN
जिला : राजगढ़
तहसील : जीरापुर
मोबाइल नं. : 9755440776
किसान कोड : 263328800038
फसल लाने की दिनांक : 06/04/2026 से 15/04/2026
फसल लाने का समय : 8AM - 12PM
उपार्जन केंद्र : प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति लखोनी,लखोनी
रिफरेन्स संख्या : SR26332880003802400018
उपज चना : 34.40
उपज सरसो : 0
उपज मसूर : 0
उपार्जन केंद्र : 57432024
दिनांक: 05/04/2026
कृषक के हस्ताक्षर/अंगूठे का निशान
सत्यापन
मैं Pur Singh पिता/पति ram narayan यह सत्यापित करता/करती हूँ की मैं मध्यप्रदेश का किसान हु और उपरोक्त वर्णित समस्त जानकारी पूर्णतः सत्य हैं एवं कोई भी तथ्य छुपाया नहीं गया है। मैं यह भी प्रमाणित करता हु कि ... कराया हैं एवं मेरे द्वारा दिए गए बैंक खाते की जानकारी सही है, यदि जाँच उपरांत उपरोक्त वर्णित कोई भी तथ्य असत्य/मिथ्या पाया जाता है,तो इसके लिए मैं पूर्ण रूप से उत्तरदायी रहूँगा/रहूंगी। मैं स्वेछा से अपना आधार न. की जानकारी दे रहा/रही हु।
कृषक के हस्ताक्षर/अंगूठे का निशान
दिनांक.........
आवश्यक सूचना:-
1.किसान को आधार कार्ड नंबर उपार्जन केंद्र पर ले जाना अनिवार्य है!
2. आप स्लॉट तिथि से स्लॉट वैधता तक (उसी स्लॉट पर) प्रतिदिन 40 क्विंटल अनाज बेच सकते हैं


### 20 किमी दूर से ट्रैक्टर लेकरआए थे किसान

ग्राम नाईहेड़ा के किसान पूरसिंह किरार (34 क्विंटल चना) और कमल सिंह किरार (12 क्विंटल चना) दो ट्रैक्टरों में अपनी फसल लेकर प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति लखोंनी के भगोरा केंद्र पहुंचे थे। किसानों ने बताया कि उनके मोबाइल पर प्राप्त आधिकारिक स्लॉट में 6 अप्रैल से 15 अप्रैल तक का समय दिया गया है। जब उन्होंने केंद्र पर कोई नहीं मिलने पर सेक्रेटरी जगदीश दांगी को फोन किया, तो उन्होंने 10 तारीख के बाद आने की बात कहकर पल्ला झाड़ लिया।

### तहसीलदार के सामने भी नहीं आए जिम्मेदार

परेशान किसानों ने जब तहसीलदार सोलंकी को मामले की जानकारी दी, तो उन्होंने मौके पर ही सेक्रेटरी से संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन सेक्रेटरी का मोबाइल बंद मिला। चिलचिलाती धूप में घंटों इंतजार करने के बाद किसानों को भारी किराया चुकाकर वापस लौटना पड़ा। किसानों का कहना है कि एक ओर पोर्टल पर बुकिंग हो रही है और दूसरी ओर केंद्र पर तुलाई से मना किया जा रहा है, इस अव्यवस्था का खामियाजा गरीब किसान भुगत रहा है।

### जनसमस्याओं को लेकर कांग्रेस का हल्लाबोल

## बिजली कटौती और गेहूं समर्थन मूल्य वृद्धि हेतु सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बोड़ा

कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रियव्रत सिंह खींची के निर्देशानुसार आज ब्लॉक कांग्रेस कमेटी एवं शहर कांग्रेस कमेटी बोड़ा द्वारा किसानों और आमजन की ज्वलंत समस्याओं को लेकर बिजली विभाग एवं तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कांग्रेस ने ज्ञापन के माध्यम से शासन और प्रशासन के सामने निम्नलिखित प्रमुख मांगें रखीं।

गेहूं खरीदी की व्यवस्था सुचारु करने और न्यूनतम समर्थन मूल्य (टरढ) में वृद्धि करने की मांग। अघोषित बिजली कटौती बंद करने, किसानों पर की जा रही मनमानी वसूली और पंचनामा बनाने की कार्रवाई पर रोक लगाने की मांग। साथ ही, अत्यधिक बिजली बिल और गांवों की लाइट काटने जैसी समस्याओं का निराकरण करने पर जोर दिया गया।




मुख्यमंत्री कन्या विवाह सम्मेलन के बंद किए गए आवेदनों को पुनः शुरू करने की मांग की गई ताकि गरीब परिवारों को योजना का लाभ मिल सके।

### नेताओं ने घेरा प्रशासन

प्रदर्शन के दौरान वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान में किसान और आम जनता बिजली विभाग की मनमानी और सरकार की जनविरोधी नीतियों से त्रस्त है। यदि शीघ्र ही इन समस्याओं का समाधान नहीं किया गया, तो कांग्रेस उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगी।

### प्रदर्शन में ये रहे मौजूद

इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष गोविंद सिंह गुर्जर, जिला महासचिव संगठन प्रभारी राधेश्याम सोमतिया, जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि घनश्याम राजपूत, जिला पंचायत सदस्य राजेश रातलिय, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष प्रहलाद राजपूत और ब्लॉक अध्यक्ष लखन रुहेला प्रमुख रूप से उपस्थित थे। साथ ही प्रदेश महासचिव अभिनव पंचोली, शहर अध्यक्ष अशोक यादव, पूर्व पार्षद हीरालाल, युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष गिरिराज रुहेला, मंडलम अध्यक्ष प्रदीप जैन, मनीष जाट, मोहन चंद्रवंशी, राहुल गुर्जर, प्रदीप राजपूत, कैलाश बना, भगवान सिंह राजपूत, विक्रम रुहेला सहित पार्षद तेज सिंह यादव, सोनू पुष्पद, मुकेश सिसोदिया, विष्णु मालवीय, भगवान सिंह नागर, देवेन्द्र राणा, संजू राठौड़, राधेश्याम सेकेट्री, गिरराज राजपूत, ईश्वर राणा, देवेन्द्र बना, बिट्टू बना, सतीश चंद्रवंशी, होकम गुर्जर, लाला पन्या और देवेन्द्र धांगर सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।